**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र को एल्युमिनाई एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को उनके विशिष्ट उपलब्धियों हेतु एल्युमिनाई एल्मामेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन **(4ए)** विभिन्न स्तर पर पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में डा. दिग्वीर सिंह जायस जो कि प्रौद्योगिक महाविद्यालय के 1974 बैच के छात्र रहे है तथा कनाडा के मनिटोबा विश्वविद्यालय में एक मूर्धन्य वैज्ञानिक के रूप में योगदान कर रहे है जिनको की बहुत सारे पुरस्कार और प्रतिष्ठित संस्थानों की फैलोशिप प्राप्त हो चुकी है। उनका कनाडा के लैथ्रीज विश्वविद्यालय के 7वें अध्यक्ष और कुलपति हेतु चयन किया जा चुका हैं। उनके विशिष्ट योगदान हेतु 4ए द्वारा 'आउटस्टेंडिग एल्युमनस आफ यूनिवर्सिटी अवार्ड' हेतु चुना गया था जिससे की विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डा. जायस ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्मान को प्राप्त कर वे गौरवांवित महसूस कर रहे है और विश्वविद्यालय की गतिविधियों को सुदृढ़ता प्रदान करने में यथा सम्भव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डा. चौहान ने डा. जायस को बधाई दी तथा विकसित देशों के भांति भारत में भी जेनेटिक इंजीनियरिंग से विकसित खाद्य पदार्थों को प्रयोग में लाने पर बल दिया।

कार्यक्रम का आयोजन 4ए के सचिव एवं मुख्य समन्वयक डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा किया गया जिसमें 4ए के कार्यकारणी के सदस्य तथा विभिन्न महाविद्यालयों के समन्वयक भी उपस्थित थे।




*कार्यक्रम में डा. दिग्वीर सिंह जायस को सम्मानित करते कुलपति डा. एम.एस. चौहान।*